<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

हिन्दुस्तान कॉलेज के मेकेनिकल विभाग के छात्र सोमी महता डीपीएस देहरादून एम.यू.एन. की जॉइंट क्राइसिस कमैटी में सम्मानित

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र सौमी महता डीपीएस देहरादून मॉडल यूनाइटेड नेशन की जॉइंट क्राइसिस कमैटी के चेयरपर्सन बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने 29 और 30 सितम्बर, 2018 को डीपीएस देहरादून में आये विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 60 छात्रों को जज किया। वह पैनल के 6 जजों में लीडिंग जज रहे।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई.के.गुप्ता, कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महथा एवं ग्रुप के अधिशासी निदेशक प्रो. वी.के.शर्मा ने छात्र सौमी महता को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष श्री पुनीत मंगला ने बताया कि सौमी महता पिछले 6 माह में टी.एन.एम.यू.एन. बनारस में यूएनएचआरसी कमैटी के प्रेसीडेंट रहे। सौमी महता ने पिटोग ग्लोब में बेस्ट डिजाइनर रहे। सोमी महता चण्डीगढ़ में आयोजित रिपब्लिक समिति की यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली के चेयरमैन रहे। इन्होंने दिल्ली में आयोजित रिसग्रेंस ईवेंट में स्पीकर के तौर पर भाग लिया। ये आगरा में आयोजित कान्सोवा में यगेस्ट स्पीकर रहे। सोमी महता 12 स्पीकर के पैनल में सबसे युवा रहे।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने छात्र सौमी महता को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि सोमी महता की ही तरह संस्थान के सभी विभागों के छात्र–छात्रायें लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये बेहतर रोजगार पाने के साथ–साथ विभिन्न क्षेत्रों में संस्थान एवं विभाग का नाम रोशन करते रहते हैं।

छात्र सोमी महता की सफलता के इस अवसर पर डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वैलफेयर डॉ. संदीप अग्रवाल, डीन आर.एण्ड.डी. डॉ. एम. एस. गौर, सभी विभागों के समस्त विभागाध्यक्ष एवं मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।